बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 680 **पटना, दिनांक** : 06/02/2024

आदेश

निदेशालय ज्ञापांक 10749 दिनांक 07.09.2020 द्वारा श्री सुभाष कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04373) को नियोजित करते हुए बंदोबस्त कार्यालय, लखीसराय में पदस्थापित किया गया है। नियोजन के उपरांत इनके द्वारा समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र की जांच/सत्यापन के क्रम में संज्ञान में आया है कि निदेशालय स्तर पर प्रकाशित विज्ञापन संख्या – 1/2019 में विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर नियोजन हेतु शैक्षणिक योग्यता सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा निर्धारित है, जबकि श्री कुमार का शैक्षणिक प्रमाण पत्र प्रकाशित विज्ञापन से भिन्न अर्थात Diploma in Civil Engineering के स्थान पर B.Tech in Civil Engineering है, जो कि उक्त पद पर नियोजन के लिए निर्धारित नियम एवं मापदंड के विपरीत है।

संविदा नियोजित उपरोक्त कर्मी से प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से भिन्न योग्यता के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 5555 दिनांक 07.07.2023 द्वारा 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा लम्बी अवधि बीत जाने के बाद भी अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो इनके मनमानेपन एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना का द्योतक है।

स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संचिका में रक्षित अभिलेखों का अवलोकन किया गया है। अवलोकनोपरांत पाया गया है कि इनके द्वारा विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से विपरीत शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र पर नियोजन प्राप्त किया गया है। इस संबध में इन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है, परन्तु इनके द्वारा इसका सदुपयोग न कर वरीय पदाधिकारी के निदेश की अवहेलना की गयी है। इससे स्पष्ट है कि ये अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना चाहते हैं।

अतः प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अहर्त्ता से भिन्न शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र पर नियोजन प्राप्त करने के फलस्वरूप इनके द्वारा नियोजन हेतु समर्पित Terms of Assignment की कंडिका – 4 में निहित प्रावधान के आलोक में श्री सुभाष कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04373) का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 6/2/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 680 **पटना, दिनांक** :– 06/02/2024
प्रतिलिपि :– श्री सुभाष कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04373), बंदोबस्त कार्यालय, लखीसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 680 **पटना, दिनांक** :– 06/02/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 680 **पटना, दिनांक** :– 06/02/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय अंतर्गत **R2R** में संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप